# ISH-26

## Sub. GK & GS 6/04/2026

## Paper Code: 04 RajasthanVacancy.com)

**प्रश्न 1**

**अधिकतम आवृत्ति घटक wm के किसी सिग्नल को सैंपल करने के लिए आवश्यक न्यूनतम सैंपलिंग आवृत्ति (नाइक्विस्ट सैंपलिंग दर) क्या है?**

(1) 4wm

(2) 8wm

(3) wm

(4) 2wm

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) 2wm**

---

**प्रश्न 2**

**निम्नलिखित में से कौन सा कथन जीएसएलवी-एफ 16 के लिए सही नहीं है?**

(1) जीएसएलवी-एफ 16 मिशन सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा में GSLV के साथ तीसरा मिशन है।

(2) यह श्रीहरिकोटा से 102वाँ प्रक्षेपण था।

(3) जीएसएलवी-एफ 16 भारत के भू-तुल्यकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान (GSLV) की 18वीं उड़ान और स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण के साथ 12वीं उड़ान है।

(4) यह स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण के साथ जीएसएलवी की 9वीं परिचालन उड़ान है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) यह श्रीहरिकोटा से 102वाँ प्रक्षेपण था।**

---

**प्रश्न 3**

**सीएमएस-03 संचार उपग्रह के लिए निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प चुनें: कथन A : सीएमएस-03 को एलवीएम3 की चौथी परिचालन उड़ान द्वारा 20 नवंबर, 2025 को प्रक्षेपित किया गया था। कथन B : सीएमएस-03 एक बहु-बैंड संचार उपग्रह है जो भारतीय भू-भाग सहित एक विस्तृत समुद्री क्षेत्र में सेवाएँ प्रदान करता है।**

(1) कथन A सत्य है, लेकिन कथन B असत्य है।

(2) कथन B सत्य है, लेकिन कथन A असत्य है।

(3) कथन A और B दोनों सत्य हैं।

(4) कथन A और B दोनों असत्य हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) कथन A और B दोनों सत्य हैं।**

---

**प्रश्न 4**

**निम्नलिखित में से कौन सा तीव्र वृक्क पात (एक्यूट रीनल फेलियर) के संसूचन के लिए प्राथमिक जैव-चिह्न है?**

(1) केशिकास्तवकीय निस्यंदन दर

(2) सीरम सोडियम

(3) रक्त यूरिया

(4) सीरम क्रिएटिनिन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) सीरम क्रिएटिनिन**

---

**प्रश्न 5**

**चिह्नित अनुसंधान क्षेत्रों को समाहित करते हुए डीआरडीओ द्वारा (1 दिसंबर, 2025 तक) कितने उद्योग-अकादमिक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए हैं?**

(1) 20

(2) 25

(3) 10

(4) 15

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) 15**

---

**प्रश्न 6**

**_________ नैनोमीटर-स्तर की संरचनाओं के पैटर्न के निर्माण से संबंधित है, जिसमें पैटर्न का कम से कम एक आयाम नैनोस्केल में होता है।**

(1) नैनो-डोपिंग

(2) नैनो-एनीलिंग

(3) नैनो-लिथोग्राफी

(4) नैनो-अवसादन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) नैनो-लिथोग्राफी**

---

**प्रश्न 7**

**निम्नलिखित में से कौन सा मानव आहार का सूक्ष्म पोषक तत्व नहीं है?**

(1) ओमेगा-3-फैटी एसिड

(2) फोलिक एसिड

(3) आयरन

(4) आयोडीन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) ओमेगा-3-फैटी एसिड**

---

**प्रश्न 8**

**दिए गए कथन I और II पर विचार करें और नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही विकल्प का चयन करें:**

**कथन I : प्राकृतिक ग्रीनहाउस प्रभाव पृथ्वी पर जीवनयापन के लिए ज़रूरी है।**

**कथन II : क्षोभमंडल में उपस्थित ओज़ोन यूवी विकिरणों के प्रभाव को कम करने में सहायक होती है।**

(1) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।

(2) कथन II सही है, लेकिन कथन I गलत है।

(3) दोनों कथन सही हैं।

(4) दोनों कथन गलत हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।** (नोट: ओज़ोन परत समतापमंडल/Stratosphere में यूवी विकिरण से बचाती है, क्षोभमंडल में नहीं।)

---

**प्रश्न 9**

**राजस्थान के जिले और उसके आधिकारिक पशु/पक्षी शुभंकर के गलत युग्म का चयन करें:**

(1) बूंदी - सुखार्ब

(2) झुंझुनूं - कुरजा

(3) अजमेर - खड़मौर

(4) भीलवाड़ा - मोर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) झुंझुनूं - कुरजा** (नोट: झुंझुनूं का शुभंकर 'काला तीतर' है।)

---

**प्रश्न 10**

**संकटीय सूक्ष्मजीवों/आनुवंशिक रूप से अभियांत्रित जीवों या कोशिकाओं के निर्माण, उपयोग, आयात, निर्यात एवं भंडारण से संबंधित नियम, 1989, भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित किए गए हैं?**

(1) जैव-सुरक्षा क्लियरिंग-हाउस अधिनियम, 1986

(2) आयात-निर्यात अधिनियम, 1986

(3) जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1986

(4) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986**

---

**प्रश्न 11**

**कॉलम I में दी गई फलों की फसलों का मिलान कॉलम II में दिए गए राजस्थान में उनके प्रमुख उत्पादक जिले के नाम से कर, नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही विकल्प का चयन कीजिए:**

**कॉलम I**

(A) सीताफल

(B) किन्नू

(C) अनार

(D) अंगूर

(E) ब्लैकबेरी

**कॉलम II**

(i) श्रीगंगानगर

(ii) बारां

(iii) सिरोही

(iv) चित्तौड़गढ़

(v) जालौर

**कूट:**

(1) (A)-(v), (B)-(iv), (C)-(ii), (D)-(i), (E)-(iii)

(2) (A)-(iv), (B)-(i), (C)-(v), (D)-(ii), (E)-(iii)

(3) (A)-(iv), (B)-(i), (C)-(v), (D)-(iii), (E)-(ii)

(4) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv), (E)-(v)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) (A)-(iv), (B)-(i), (C)-(v), (D)-(ii), (E)-(iii)**

---

**प्रश्न 12**

**निम्नलिखित में से किस स्थान पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान का ई-आधारित (ई-बेस्ड) एस.टी.आर.सी. स्थापित नहीं है? (1 फरवरी, 2026 तक)**

(1) चंदेसारा

(2) सेपाउ

(3) बहादुरवास

(4) बमबोर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) बमबोर**

---

**प्रश्न 13**

**नीचे दिये गये प्रश्न में एक कथन तथा दो अभिधारणाएँ I तथा II दी गई हैं। निम्न में से सही विकल्प को चुनिये:**

**कथन : कई शैक्षणिक संस्थानों ने ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली को अपना लिया है।**

**अभिधारणा I : आजकल सभी विद्यार्थी कंप्यूटर में पारंगत हैं।**

**अभिधारणा II : ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली पूर्णतया सुरक्षित है और पेपर लीक होने की सम्भावना शून्य है।**

(1) अभिधारणाएँ I तथा II दोनों अंतर्निहित हैं।

(2) न तो अभिधारणा I न ही II अंतर्निहित है।

(3) केवल अभिधारणा I अंतर्निहित है।

(4) केवल अभिधारणा II अंतर्निहित है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) न तो अभिधारणा I न ही II अंतर्निहित है।**

---

**प्रश्न 14**

**पाँच विद्यार्थियों P, Q, R, S और T ने एक परीक्षा में भिन्न-भिन्न अंक प्राप्त किये। Q ने कम से कम दो विद्यार्थियों से अधिक अंक अर्जित किये। T ने S से कम, परन्तु R से अधिक अंक अर्जित किये। S ने P से कम अंक अर्जित किये। Q ने अधिकतम अंक अर्जित नहीं किये। निम्न में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

**कथन:**

**I. Q द्वितीय स्थान पर है।**

**II. Q तृतीय स्थान पर है।**

**III. Q चतुर्थ स्थान पर है।**

(1) केवल कथन III सत्य है।

(2) या तो कथन I या II सत्य है।

(3) केवल कथन I सत्य है।

(4) केवल कथन II सत्य है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) या तो कथन I या II सत्य है।**

---

**प्रश्न 15**

**नीचे दिये गये प्रश्न में एक कथन के पश्चात् दो निष्कर्ष I तथा II दिये गये हैं। आपको दिये गये कथन को सत्य मानना है। निष्कर्षों को पढ़कर सही विकल्प चुनिये।**

**कथन : विनिर्माण उद्योग प्राकृतिक संसाधनों को बर्बाद कर रहे हैं।**

**निष्कर्ष I : यदि सभी विनिर्माण उद्योग बंद कर दिये जाते हैं, तो पर्यावरण में किसी भी प्रकार का प्रदूषण नहीं होगा।**

**निष्कर्ष II : सभी प्राकृतिक संसाधन विनिर्माण उद्योगों द्वारा बर्बाद किये जाते हैं।**

(1) निष्कर्ष I तथा II दोनों अनुसरण करते हैं।

(2) न तो निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है।

(3) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(4) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) न तो निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है।**

---

**प्रश्न 16**

**तीन-अंकों की "abc" रूप की संख्याएँ बनाई जाती हैं जहाँ सभी अंक a, b और c भिन्न-भिन्न हैं और b = a + c है। ऐसी संभावित तीन-अंकों की संख्याओं की कुल संख्या है**

(1) 32

(2) 45

(3) 16

(4) 24

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) 16**

---

**प्रश्न 17**

**किन्हीं दो संख्याओं p और q के लिये, (p + q) : (p - q) : pq = 7 : 1 : 60 यदि $p^2 + q^2 = r^2$, तो r बराबर है**

(1) ± 24

(2) ± 25

(3) ± 20

(4) ± 23

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) ± 25**

---

**प्रश्न 18**

**निम्न श्रेणी का अगला पद है : $6\frac{1}{4}, 7\frac{1}{7}, 8\frac{1}{3}, 10, ?$**

(1) $12\frac{1}{2}$

(2) $11\frac{1}{6}$

(3) 11

(4) 12

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) $12\frac{1}{2}$**

---

**प्रश्न 19**

**एक निश्चित कूट भाषा में "TALENT" को "GTOEMA" कूट किया जाता है और "RUMOUR" को "IRNOFU" कूट किया जाता है, तो समान कूट भाषा में, "SEARCH" को कूट किया जाएगा**

(1) HHYSYF

(2) IHZRYE

(3) HIYSXF

(4) HHZRXE

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) IHZRYE**

---

**प्रश्न 20**

**एक परिवार में छह सदस्य A, B, C, D, E और F हैं। E, B की पुत्री है और A, B का भाई है। C, A का पिता है और D, E का भाई है। F, C की पत्नी है। D के चाचा/मामा हैं**

(1) C

(2) E

(3) A

(4) B

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) A**

---

**प्रश्न 21**

**निम्नलिखित आध्यात्मिक गुरुओं में से कौन ग्रैमी अवार्ड्स 2026 के विजेताओं में से एक हैं ?**

(1) जेम्स रेडफील्ड

(2) मूजी

(3) दलाई लामा

(4) श्री श्री रविशंकर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) श्री श्री रविशंकर**

---

**प्रश्न 22**

**एक सावधि जमा में ₹ 2 लाख 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश किये जाते हैं। हर वर्ष के अंत में प्राप्त ब्याज पर 20% कर काट लिया जाता है। 2 वर्ष बाद प्राप्त कुल राशि बराबर है**

(1) ₹ 2,33,800

(2) ₹ 2,33,150

(3) ₹ 2,33,285

(4) ₹ 2,33,280

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) ₹ 2,33,280**

---

**प्रश्न 23**

**निम्न पाई-चार्ट पाँच शहरों A, B, C, D और E में हिन्दी और अंग्रेजी समाचार-पत्रों की बिक्री का वितरण दिखाते हैं :**

**B, C और E शहरों में अंग्रेजी समाचार-पत्रों की औसत संख्या और A तथा D शहरों में हिन्दी समाचार-पत्रों की औसत संख्या में अनुपात है**

(1) 16 : 33

(2) 9 : 11

(3) 10 : 19

(4) 19 : 10

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) 9 : 11**

---

**प्रश्न 24**

**उस अमेरिकी विशेष दूत का नाम क्या है जिसने अमेरिका-ईरान वार्ताओं से पहले 3 फरवरी, 2026 को इजरायल के प्रधानमंत्री से मुलाकात की ?**

(1) एन्ड्यू पज़डेर

(2) रिचर्ड ग्रेनेल

(3) कैरोलाइन लीविट

(4) स्टीव विटकॉफ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) स्टीव विटकॉफ**

---

**प्रश्न 25**

**युमनाम खेमचन्द सिंह ने फरवरी 2026 में मणिपुर के _________ मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।**

(1) 13वें

(2) 14वें

(3) 11वें

(4) 12वें

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) 13वें**

---

**प्रश्न 26**

**भारत के तेजस्विन शंकर ने जनवरी 2026 में डेलॉस डॉड्स इनविटेशनल 2026 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की ऊँची कूद का खिताब अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता कहाँ पर आयोजित की गई थी ?**

(1) स्टाटेन आईलैंड, न्यूयॉर्क

(2) इंडियानापोलिस, इंडियाना

(3) एल्बुकर्क, न्यू मैक्सिको

(4) मैनहट्टन, कंसास

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) मैनहट्टन, कंसास**

---

**प्रश्न 27**

**"पटना पक्षी अभयारण्य" तथा छारी-ढांड जो जनवरी 2026 में भारत के रामसर नेटवर्क में दो नई आर्द्र-भूमियों के रूप में शामिल किए गए हैं, स्थित हैं क्रमशः**

(1) मध्य प्रदेश तथा ओडिशा में

(2) तेलंगाना तथा हरियाणा में

(3) बिहार तथा महाराष्ट्र में

(4) उत्तर प्रदेश तथा गुजरात में

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) उत्तर प्रदेश तथा गुजरात में**

---

**प्रश्न 28**

**11 फरवरी, 2026 को उप-मुख्यमंत्री (वित्त) द्वारा प्रस्तुत राजस्थान के बजट 2026-27 में खातेदारी भूमि में खनन पट्टा आबंटन हेतु आवेदन के समय देय प्रीमियम राशि को घटाकर कितना कम करने की घोषणा की गई है ?**

(1) 50% से 40%

(2) 50% से 30%

(3) 40% से 30%

(4) 40% से 25%

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) 50% से 40%**

---

**प्रश्न 29**

**जनवरी 2026 में राँची में हुए 69वें नेशनल स्कूल गेम्स (2025-26) में राजस्थान की U-17 गर्ल्स टीम ने निम्नलिखित में से किस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता ?**

(1) फुटबॉल

(2) बास्केटबॉल

(3) हॉकी

(4) तीरंदाजी (कंपाउंड)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) फुटबॉल**

---

**प्रश्न 30**

**फरवरी 2026 में, रक्षा मंत्री द्वारा निम्नलिखित में से किस रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (डीपीएसयू) को 'मिनीरत्न' कैटेगरी-I का दर्जा देने की मंजूरी दी गई थी ?**

(1) यंत्र इंडिया लिमिटेड

(2) इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड

(3) मुनिशन्स इंडिया लिमिटेड

(4) आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड**

---

**प्रश्न 31**

**निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

**(i) उन्हें महाभारत के 'पांडुन का कड़ा' के सभी 2,500 दोहे सुनाने वाले आखिरी कुछ कलाकारों में से एक माना जाता है।**

**(ii) 'कला' के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए जनवरी 2026 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित करने की घोषणा की गई है।**

**ऊपर दिए गए कथन राजस्थान के किस व्यक्ति के बारे में हैं ?**

(1) जाकिर खान

(2) पूनमराम

(3) गफरुद्दीन मेवाती जोगी

(4) तागा राम भील

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) तागा राम भील**

---

**प्रश्न 32**

**1 फरवरी, 2026 को इंडियन नेवी हाफ मैराथन का दूसरा संस्करण कहाँ आयोजित किया गया था ?**

(1) विशाखापत्तनम

(2) कोच्चि

(3) नई दिल्ली

(4) मुंबई

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) विशाखापत्तनम**

---

**प्रश्न 33**

**जनवरी 2026 में "1st ऑल इंडिया फायर सर्विस स्पोर्ट्स मीट" राजस्थान के निम्नलिखित शहरों में से कहाँ पर आयोजित की गई ?**

(1) कोटा

(2) जोधपुर

(3) उदयपुर

(4) अजमेर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) जोधपुर**

---

**प्रश्न 34**

**निम्नलिखित में से किसे फरवरी 2026 में राजस्थान सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) का स्टेट ब्रांड एम्बेसेडर बनाया गया ?**

(1) सुनिधि जांगिड़

(2) जयेश उपाध्याय

(3) के.के. गुप्ता

(4) रवि जैन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) के.के. गुप्ता**

---

**प्रश्न 35**

**फरवरी 2026 में राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग तथा मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के मध्य हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा सही विकल्प का चयन करें :**

**A. इस एम ओ यू के अन्तर्गत मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग को स्थानीय निकाय चुनावों के**

**लिए कुल 30 हज़ार कंट्रोल यूनिट तथा 60 हज़ार बैलेट यूनिट किराए पर उपलब्ध कराई जाएँगी।**

**B. ई वी एम के तकनीकी परीक्षण (एफ एल सी), मरम्मत एवं आवश्यक तकनीकी सहयोग का कार्य सी ई ई आर आई, पिलानी के अधिकृत इंजीनियरों द्वारा किया जाएगा।**

(1) कथन A तथा B दोनों सही हैं।

(2) कथन A तथा B दोनों गलत हैं।

(3) केवल कथन A सही है।

(4) केवल कथन B सही है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) कथन A तथा B दोनों सही हैं।**

---

**प्रश्न 36**

**निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा जनवरी 2026 में लद्दाख में हुई खेलो इंडिया विंटर गेम्स में भाग लेने वाली राजस्थान की पुरुष और महिला आइस हॉकी टीमों के कप्तानों के नामों को सही दर्शाता है ?**

(1) शिव नारायण तथा सुमन चौधरी

(2) अंकित कुमार तथा कनिका

(3) पर्व शर्मा तथा सरिता जाट

(4) निशांत प्रतापसिंह तथा प्रिया भादू

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) निशांत प्रतापसिंह तथा प्रिया भादू**

---

**प्रश्न 37**

**जनवरी 2026 में घोषित राजस्थान एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस पॉलिसी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा सही विकल्प का चयन करें :**

**A. इस नीति के अन्तर्गत विनिर्माण परियोजनाओं को न्यूनतम 50 करोड़ रुपये से 300 करोड़ रुपये तक अचल पूँजी निवेश करने पर लार्ज, 300 करोड़ रुपये से 1 हज़ार करोड़ रुपये के निवेश पर मेगा तथा 1 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश पर अल्ट्रा मेगा परियोजना की श्रेणी में रखा जाएगा।**

**B. ए एण्ड डी पार्कों में लगने वाले पात्र एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग एवं सेवा उद्यमों को एसेट क्रिएशन इंसेंटिव के रूप में 7 वर्षों तक राज्य कर के 75 प्रतिशत पुनर्भरण का निवेश अनुदान दिया जाएगा।**

(1) कथन A तथा B दोनों सही हैं।

(2) कथन A तथा B दोनों गलत हैं।

(3) केवल कथन A सही है।

(4) केवल कथन B सही है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) केवल कथन A सही है।**

---

**प्रश्न 38**

**मारवाड़ चित्रकला शैली के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए एवं नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

**(A) इस शैली में लाल एवं पीले रंगों का बहुलता से प्रयोग किया जाता था।**

**(B) अपने उत्तरकाल में इस शैली में भक्ति चित्रों की प्रधानता रही।**

(1) (A) एवं (B) दोनों सही हैं।

(2) (A) एवं (B) दोनों सही नहीं हैं।

(3) केवल (A) सही है।

(4) केवल (B) सही है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) (A) एवं (B) दोनों सही हैं।**

---

**प्रश्न 39**

**चन्द्रभागा मेला प्रतिवर्ष कार्तिक माह (अक्टूबर-नवम्बर) में निम्न में से किस स्थान पर आयोजित होता है ?**

(1) तिलवाड़ा

(2) बारां

(3) झालरापाटन

(4) बूंदी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) झालरापाटन**

---

**प्रश्न 40**

**जैसलमेर की स्थापना से पूर्व भाटी राजवंश की राजधानी थी**

(1) ओसियाँ

(2) लुद्रवा/लोद्रवा

(3) जोधपुर

(4) मण्डोर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) लुद्रवा/लोद्रवा**

---

**प्रश्न 41**

**निम्न में से किसकी अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिश पर भारत सरकार ने मत्स्य संघ की चारों इकाइयों को 15 मई, 1949 में राजस्थान में मिला दिया था ?**

(1) हीरालाल शास्त्री

(2) शोभाराम

(3) वल्लभभाई पटेल

(4) शंकरदेव राय

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) शंकरदेव राय**

---

**प्रश्न 42**

**राजस्थान का निम्न में से कौन सा किला, गिरि दुर्ग या पर्वतीय दुर्ग का उदाहरण नहीं हैं ?**

(1) जालौर दुर्ग

(2) नागौर दुर्ग

(3) चित्तौड़गढ़

(4) कुम्भलगढ़

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) नागौर दुर्ग** (नोट: नागौर का किला 'धान्वन दुर्ग' की श्रेणी में आता है।)

---

**प्रश्न 43**

**नीचे दिए गए विकल्पों में से राजस्थान में महिलाओं द्वारा परंपरागत रूप से सिर पर पहने जाने वाले आभूषणों के सही सेट का चयन कीजिए :**

(1) बोर, पोट, नेवरी, चोप

(2) बोर, शीशफूल, रखड़ी, टिकड़ा

(3) बोर, शीशफूल, झेला, टिकड़ा

(4) बोर, शीशफूल, झेला, हाँकर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) बोर, शीशफूल, रखड़ी, टिकड़ा**

---

**प्रश्न 44**

**सन्त रामचरण से संबंधित निम्न कथनों के आधार पर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

**कथन :**

**I. सन्त रामचरण का जन्म जयपुर के निकट सोडा (सूरसेन) नामक गाँव में हुआ था।**

**II. सन्त रामचरण का निधन राम नाम जपते हुए भीलवाड़ा के शाहपुरा में वर्ष 1798 में हुआ।**

(1) I और II दोनों सही हैं।

(2) I और II दोनों गलत हैं।

(3) केवल I सही है।

(4) केवल II सही है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) I और II दोनों सही हैं।**

---

**प्रश्न 45**

**निम्न कथनों पर विचार कीजिए :**

**I. भरतपुर के लोहागढ़ किले का उत्तरी द्वार अष्टधातु कहलाता है और दक्षिणी द्वार लोहिया दरवाज़ा कहलाता है।**

**II. भरतपुर के लोहागढ़ किले का उत्तरी द्वार लोहिया दरवाज़ा कहलाता है और दक्षिणी द्वार अष्टधातु कहलाता है।**

**III. अष्टधातु दरवाज़ा महाराजा सूरजमल द्वारा दिल्ली के लाल किले से लाया गया था।**

**IV. अष्टधातु दरवाज़ा महाराजा जवाहर सिंह द्वारा दिल्ली के लाल किले से लाया गया था।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं ?**

(1) केवल II और III सही हैं।

(2) केवल II और IV सही हैं।

(3) केवल I और III सही हैं।

(4) केवल I और IV सही हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) केवल I और IV सही हैं।**

---

**प्रश्न 46**

**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**(a) 1857 का विद्रोह 10 मई, 1857 को मेरठ में आरंभ हुआ।**

**(b) कानपुर में विद्रोह का नेतृत्व कुंवरसिंह द्वारा किया गया।**

**(c) लखनऊ में विद्रोह का नेतृत्व हज़रत महल द्वारा किया गया।**

**(d) बिहार में विद्रोह का नेतृत्व खान बहादुर द्वारा किया गया।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं ?**

(1) (c) और (d)

(2) (a) और (c)

(3) (a), (b), (c) और (d)

(4) (b) और (d)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) (a) और (c)**

---

**प्रश्न 47**

**सैन्धव सभ्यता से सम्बन्धित पुरातात्विक स्थल, जो सिन्ध के लरकाना में स्थित है, का नाम बताइए।**

(1) कालीबंगा

(2) रोपड़

(3) मोहनजोदड़ो

(4) हड़प्पा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) मोहनजोदड़ो**

---

**प्रश्न 48**

**फतेहपुर सीकरी स्थित बुलन्द दरवाज़ा / बोलंद दरवाज़ा का निर्माण अकबर की निम्न में से किस राज्य पर विजय के उपलक्ष्य में करवाया गया था ?**

(1) मालवा

(2) पंजाब

(3) गुजरात

(4) बंगाल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) गुजरात**

---

**प्रश्न 49**

**कुषाण सम्राट 'कनिष्क' के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन असत्य है ?**

(1) उन्होंने कश्मीर में एक बौद्ध संगीति का आयोजन किया।

(2) उनका उत्तराधिकारी वसुमित्र था।

(3) उन्होंने पेशावर में एक मठ एवं विशाल स्तूप बनवाया।

(4) उन्होंने 78 ई. में एक संवत् चलाया।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) उनका उत्तराधिकारी वसुमित्र था।**

---

**प्रश्न 50**

**सूची-I का सूची-II के साथ मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :**

**सूची-I (पर्वत शिखर)**

A. कुक

B. कोस्यिस्को

C. पोपोकटपीटल

D. मैकिन्ले

**सूची-II (देश)**

i. यू.एस.ए.

ii. मैक्सिको

iii. न्यूज़ीलैण्ड

iv. ऑस्ट्रेलिया

**कूट :**

(1) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

(2) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(3) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

(4) A-iii, B-iv, C-i, D-ii

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) A-iii, B-iv, C-ii, D-i**

---

**प्रश्न 51**

**वर्ष 1922 में कांग्रेस-खिलाफत स्वराज पार्टी का गठन किसने किया था ?**

(1) मौलाना आज़ाद

(2) सैफुद्दीन किचलू

(3) सी.आर. दास एवं मोतीलाल नेहरू

(4) अली बंधु

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) सी.आर. दास एवं मोतीलाल नेहरू**

---

**प्रश्न 52**

**तरुण बंगाल आंदोलन के विषय में निम्न कथनों पर विचार कीजिए एवं नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

**(A) यह आंदोलन हेनरी विवियन डेरोज़ियो द्वारा वर्ष 1820 में आरंभ किया गया था।**

**(B) डेरोज़ियो कलकत्ता के हिन्दू कॉलेज में एक शिक्षक थे।**

(1) (A) एवं (B) दोनों सत्य हैं।

(2) (A) एवं (B) दोनों असत्य हैं।

(3) केवल (A) सत्य है।

(4) केवल (B) सत्य है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) केवल (B) सत्य है।** (नोट: आंदोलन 1820 के दशक के उत्तरार्ध में शुरू हुआ था, ठीक 1820 में नहीं।)

---

**प्रश्न 53**

**इनमें से कौन 1954 में बने राज्य पुनर्गठन आयोग (SRC) का सदस्य नहीं था ?**

(1) वल्लभभाई पटेल

(2) हृदयनाथ कुंजरू

(3) के.एम. पनिकर

(4) फ़ज़ल अली

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) वल्लभभाई पटेल**

---

**प्रश्न 54**

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय (भारत) के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सी अपशिष्ट सामग्रियाँ "विशेष देखभाल अपशिष्ट" के अन्तर्गत सम्मिलित हैं ?**

(1) पेंट के डिब्बे, दवाइयाँ

(2) सब्जियाँ, प्लास्टिक

(3) टैम्पोन, फूल

(4) काँच, रबर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) पेंट के डिब्बे, दवाइयाँ**

---

**प्रश्न 55**

**'सेन्डाई फ्रेमवर्क' संबंधित है**

(1) आर्द्रभूमि संरक्षण से

(2) सड़क विकास से

(3) कृषि विकास से

(4) आपदा जोखिम न्यूनीकरण से

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) आपदा जोखिम न्यूनीकरण से**

---

**प्रश्न 56**

**निम्नांकित बन्दरगाहों में से कौन सा कैरिबियन, गल्फ-सामुद्रिक मार्ग पर स्थित नहीं है ?**

(1) मोरिस्विले

(2) न्यू ऑरलिएन्स

(3) पोर्ट सईद

(4) स्पेरो पॉइन्ट

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) पोर्ट सईद** (नोट: यह स्वेज नहर, मिस्र में स्थित है।)

---

**प्रश्न 57**

**निम्नलिखित में से कौन सी स्थलाकृतियाँ उत्तरी-पश्चिमी हिमालय में पायी जाती हैं ?**

**(A) पटकाई बूम**

**(B) करेवा**

**(C) पाट लैंड**

**(D) फोट्टू ला दर्रा**

**नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :**

**कूट :**

(1) (A), (B) तथा (D)

(2) (B), (C) तथा (D)

(3) केवल (B) तथा (D)

(4) केवल (A) तथा (C)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) केवल (B) तथा (D)**

---

**प्रश्न 58**

**अरावली के निम्नलिखित शिखरों को उनकी अवस्थिति के अनुसार उत्तर से दक्षिण के सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :**

**A. अचलगढ़**

**B. भैराच**

**C. टॉडगढ़**

**D. खो**

**कूट :**

(1) B, D, C, A

(2) C, A, D, B

(3) B, C, A, D

(4) A, C, D, B

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) B, D, C, A**

---

**प्रश्न 59**

**कालाहांडी और कोरापुट मैग्नीज़ भण्डार क्षेत्र किस राज्य में अवस्थित हैं ?**

(1) आन्ध्रप्रदेश

(2) ओडिशा

(3) मध्यप्रदेश

(4) कर्नाटक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) ओडिशा**

**प्रश्न 60**

**कौन सा सुमेलित नहीं है ?**

**कागज उद्योग केन्द्र — राज्य**

(1) डालमियानगर — बिहार

(2) सांगली — मध्यप्रदेश

(3) सलेम — तमिलनाडु

(4) नागपुर — महाराष्ट्र

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) सांगली — मध्यप्रदेश** (नोट: सांगली महाराष्ट्र में स्थित है।)

---

**प्रश्न 61**

**भारत में लाल मृदा के बारे में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :**

**(A) यह क्षारीय है तथा इसमें ह्यूमस की न्यूनता है।**

**(B) इसमें चूना, फॉस्फेट एवं मैंगनीज की कमी है।**

**(C) यह दलहन, तम्बाकू एवं तिलहनों के उत्पादन के लिए उपयुक्त है।**

**(D) यह मुख्यतः पश्चिमी तमिलनाडु, कर्नाटक के कुछ भागों में तथा दक्षिणी महाराष्ट्र में पायी जाती है।**

**कूट :**

(1) (A), (C) और (D) सही हैं।

(2) केवल (C) और (D) सही हैं।

(3) केवल (A) और (B) सही हैं।

(4) (B), (C) और (D) सही हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) (B), (C) और (D) सही हैं।**

---

**प्रश्न 62**

**कथन (A) : भारत का राष्ट्रपति संसद का भाग है।**

**कारण (R) : संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित विधेयक राष्ट्रपति की सहमति के बिना कानून नहीं बन सकता।**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।

(4) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।**

---

**प्रश्न 63**

**संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची के अनुसार, पंचायत की शक्तियों में निम्नलिखित में से कौन सा सम्मिलित नहीं है?**

(1) पुस्तकालय

(2) बाजार और मेले

(3) प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय

(4) ग्रामीण विद्युतीकरण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (5) अनुत्तरित प्रश्न** (नोट: दिए गए चारों विकल्प ग्यारहवीं अनुसूची के 29 विषयों में शामिल हैं। अतः इसमें कोई भी विकल्प गलत नहीं है।)

---

**प्रश्न 64**

**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :**

**सूची-I (समितियाँ)**

A. बलवंत राय मेहता समिति

B. अशोक मेहता समिति

C. जी.वी.के. राव समिति

D. एल.एम. सिंघवी समिति

**सूची-II (वर्ष)**

i. 1977

ii. 1957

iii. 1986

iv. 1985

**कूट :**

(1) A-ii, B-i, C-iv, D-iii

(2) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(3) A-ii, B-iii, C-i, D-iv

(4) A-iv, B-ii, C-iii, D-i

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) A-ii, B-i, C-iv, D-iii**

---

**प्रश्न 65**

**भारत के संविधान के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा अधिकार आपातकाल के दौरान भी वापस नहीं लिया जा सकता है?**

(1) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार

(2) संवैधानिक उपचारों का अधिकार

(3) जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार

(4) देश के किसी भी भाग में निवास करने और बसने का अधिकार

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार**

---

**प्रश्न 66**

**राजस्थान के राज्यपालों के निम्नलिखित समूहों में से कौन सा सही है, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान त्यागपत्र दिया था?**

(1) मदनलाल खुराना एवं प्रतिभा पाटिल

(2) रघुकुल तिलक एवं मदनलाल खुराना

(3) प्रतिभा पाटिल एवं कल्याण सिंह

(4) रघुकुल तिलक एवं प्रतिभा पाटिल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) मदनलाल खुराना एवं प्रतिभा पाटिल**

---

**प्रश्न 67**

**राजस्थान विधानसभा में महिला विधायकों की अब तक की सर्वाधिक संख्या (32) किस विधानसभा में रही है?**

(1) 15वीं विधानसभा

(2) 16वीं विधानसभा

(3) 14वीं विधानसभा

(4) 13वीं विधानसभा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) 16वीं विधानसभा** (नोट: 2026 की वर्तमान स्थिति और उप-चुनावों के बाद यह संख्या अब तक की सर्वाधिक है।)

---

**प्रश्न 68**

**राजस्थान में लोकायुक्त के अधिकार क्षेत्र में निम्नलिखित में से कौन सम्मिलित नहीं है?**

(1) मंत्री

(2) मुख्यमंत्री

(3) राज्य विधानसभा सचिवालय के कर्मी

(4) जिला प्रमुख एवं उप जिला प्रमुख

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) मुख्यमंत्री**

---

**प्रश्न 69**

**निम्नलिखित में से कौन सा कथन भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG) के बारे में सही नहीं है?**

(1) CAG की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

(2) वह 65 वर्ष की आयु या 6 वर्ष के कार्यकाल तक, जो भी पहले हो, पद पर रहता है।

(3) वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है।

(4) उसका वेतन भारत की संचित निधि पर भारित होता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है।**

---

**प्रश्न 70**

**राज्य के नीति निदेशक तत्वों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**(A) ये तत्व देश के सामाजिक-आर्थिक लोकतंत्र की व्याख्या करते हैं।**

**(B) इन तत्वों में अंतर्विष्ट उपबंध किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं।**

(1) केवल (A) सही है।

(2) केवल (B) सही है।

(3) (A) और (B) दोनों सही हैं।

(4) (A) और (B) दोनों गलत हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) (A) और (B) दोनों सही हैं।**

---

**प्रश्न 71**

**निम्नलिखित में से कौन सा भारत में वैधानिक निकाय नहीं है?**

(1) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

(2) राष्ट्रीय महिला आयोग

(3) नीति आयोग

(4) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) नीति आयोग** (नोट: यह एक कार्यकारी निकाय है।)

---

**प्रश्न 72**

**निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता भारतीय संविधान और अमेरिकी संविधान दोनों में साझा है?**

(1) एकल नागरिकता

(2) दोहरी न्यायपालिका

(3) संविधान की व्याख्या के लिए संघीय सर्वोच्च न्यायालय

(4) सरकार का संसदीय स्वरूप

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) संविधान की व्याख्या के लिए संघीय सर्वोच्च न्यायालय**

---

**प्रश्न 73**

**राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया जा सकता है?**

(1) उच्च न्यायालय का कोई सेवानिवृत्त न्यायाधीश

(2) उच्च न्यायालय का कोई सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश

(3) किसी जिला न्यायालय का सेवानिवृत्त न्यायाधीश

(4) राज्य का सेवानिवृत्त मुख्य सचिव

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) उच्च न्यायालय का कोई सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश**

---

**प्रश्न 74**

**संसदीय विशेषाधिकारों के संदर्भ में कौन सा कथन सही है?**

(1) ये विशेषाधिकार केवल लोकसभा सदस्यों को प्राप्त हैं।

(2) ये विशेषाधिकार संविधान के अनुच्छेद 105 में परिभाषित हैं।

(3) सदन की अनुमति के बिना किसी भी सदस्य को दीवानी और आपराधिक दोनों मामलों में गिरफ्तार नहीं किया जा सकता।

(4) ये विशेषाधिकार राष्ट्रपति को भी प्राप्त हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) ये विशेषाधिकार संविधान के अनुच्छेद 105 में परिभाषित हैं।**

---

**प्रश्न 75**

**सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत, द्वितीय अपील कितने दिनों के भीतर की जा सकती है?**

(1) 30 दिन

(2) 45 दिन

(3) 60 दिन

(4) 90 दिन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) 90 दिन**

---

**प्रश्न 62**

**निम्नलिखित में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?**

**उद्योग — अवस्थिति**

**(A) राजस्थान स्टेट सॉल्ट वर्क्स — पचपदरा**

**(B) सेंट-गोबेन ग्लास फैक्ट्री — भिवाड़ी**

**(C) राजस्थान एक्सप्लोजिव्स एण्ड केमिकल्स लि. — धौलपुर (इमेज में 'कपासन' दिया है जो गलत है)**

**(D) चम्बल फर्टिलाइज़र्स एण्ड केमिकल्स लि. — गडेपान**

**कूट :**

(1) केवल (B) तथा (C)

(2) केवल (D)

(3) (A), (B), (C) तथा (D)

(4) (A), (B) तथा (D)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) (A), (B) तथा (D)**

---

**प्रश्न 63**

**सूची-I का सूची-II के साथ मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :**

**सूची-I (खनिज)**

A. पन्ना

B. फ्लुओराइट

C. तामड़ा

D. कैल्साइट

**सूची-II (राजस्थान में खनन क्षेत्र)**

i. राजमहल

ii. बेलका पहाड़

iii. कालागुमान

iv. माण्डो-की-पाल

**कूट :**

(1) A-iii, B-iv, C-i, D-ii

(2) A-iii, B-i, C-ii, D-iv

(3) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

(4) A-iv, B-ii, C-iii, D-i

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) A-iii, B-iv, C-i, D-ii**

---

**प्रश्न 64**

**राजस्थान में 'मिश्रित लाल एवं काली' मृदा मुख्यतः पायी जाती है**

(1) अजमेर और टोंक में

(2) नागौर और झुंझुनूं में

(3) भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ में

(4) बाड़मेर और बालोतरा में

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ में**

---

**प्रश्न 65**

**भारत शासन अधिनियम, 1935 के प्रावधानों के संबंध में त्रुटिपूर्ण कथन को पहचानिए :**

(1) प्रांत के गवर्नर की नियुक्ति गवर्नर जनरल द्वारा की जानी थी।

(2) यह गवर्नर जनरल का विवेकाधिकार था कि वह संघीय मंत्रिपरिषद की बैठकों की अध्यक्षता करे।

(3) महामहिम संघीय विधायिका के घटक थे, जिनका प्रतिनिधित्व गवर्नर जनरल द्वारा किया गया।

(4) संघीय विधायिका के उच्च सदन का नाम काउंसिल ऑफ स्टेट था।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) प्रांत के गवर्नर की नियुक्ति गवर्नर जनरल द्वारा की जानी थी।** (नोट: नियुक्ति ब्रिटिश सम्राट द्वारा की जाती थी।)

---

**प्रश्न 66**

**दिसम्बर-2024 तक, निम्नलिखित में से किस बृहत्-सिंचाई परियोजना की सिंचाई क्षमता (हैक्टेयर में) अधिकतम थी?**

(1) पीपलंखूट हाई लेवल कैनाल

(2) अपर हाई लेवल कैनाल (माही)

(3) परवन

(4) पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ERCP)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना**

---

**प्रश्न 67**

**निम्नलिखित में से किस जनगणना वर्ष में राजस्थान की नगरीय जनसंख्या सबसे कम थी?**

(1) 1961

(2) 1971

(3) 1981

(4) 1951

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) 1951**

---

**प्रश्न 68**

**कौन सा एक सुमेलित नहीं है?**

**संरक्षित क्षेत्र — जिला**

(1) बीड़ मुहाना — जयपुर

(2) महसीर — उदयपुर

(3) हमीरगढ़ — भीलवाड़ा

(4) वाड़ाखेड़ा — अजमेर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) वाड़ाखेड़ा — अजमेर** (नोट: वाड़ाखेड़ा संरक्षित क्षेत्र सिरोही जिले में स्थित है।)

---

**प्रश्न 69**

**मूल अधिकार में निहित सिद्धांत तथा भारत के संविधान में तत्संबंधी अनुच्छेद के त्रुटिपूर्ण युग्म को पहचानिए :**

(1) त्वरित सुनवाई : अनुच्छेद 21

(2) अंत:करण की स्वतंत्रता : अनुच्छेद 25

(3) राज्य की स्वेच्छाचारिता के विरुद्ध संरक्षण : अनुच्छेद 14

(4) आनुपातिक प्रतिनिधित्व : अनुच्छेद 18

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) आनुपातिक प्रतिनिधित्व : अनुच्छेद 18** (नोट: अनुच्छेद 18 'उपाधियों के अंत' से संबंधित है।)

---

**प्रश्न 70**

**भारत के संविधान के अनुच्छेद 355 के अनुसार, निम्नांकित में से किन दो स्थितियों में, प्रत्येक राज्य की संरक्षा करना संघ का कर्तव्य होगा?**

(1) युद्ध और सशस्त्र विद्रोह

(2) बाह्य आक्रमण और सशस्त्र विद्रोह

(3) युद्ध और बाह्य आक्रमण

(4) बाह्य आक्रमण और आंतरिक अशांति

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) बाह्य आक्रमण और आंतरिक अशांति**

---

**प्रश्न 71**

**राज्य पुनर्गठन के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?**

(क) अपने नागपुर अधिवेशन, 1920 के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भाषाई सिद्धांत को राज्य निर्माण का आधार बनाने का वादा किया एवं उसे मान्यता प्रदान की।

(ख) आज़ादी के तुरन्त बाद, भारतीय नेताओं ने महसूस किया कि भाषा के आधार पर राज्यों का निर्माण विध्वंस एवं विघटन की तरफ ले जायेगा।

(ग) 1952 में भाषा के आधार पर सबसे पहले बनने वाला राज्य तमिलनाडु था।

(घ) राज्यों की सीमाओं के पुनर्निर्माण के लिए राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना 1952 में की गई थी।

**कूट :**

(1) केवल (ख) एवं (ग) सही हैं।

(2) केवल (क) एवं (ख) सही हैं।

(3) केवल (क) एवं (ख) सही हैं। (इमेज में विकल्प रिपीट हैं)

(4) केवल (ग) एवं (घ) सही हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तरः (2) केवल (क) एवं (ख) सही हैं।** (नोटः पहला भाषाई राज्य आंध्र प्रदेश था और आयोग 1953 में बना था।)

---

**प्रश्न 72**

**निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

(क) कानून के अनुसार, निर्वाचक नामावली में पुनरीक्षण प्रत्येक चुनाव से पहले या फिर आवश्यकता अनुसार किया जा सकता है।

(ख) अंतिम बार एसआईआर 2002-2004 में किया गया था।

(ग) 1951 से 2004 तक 10 बार एसआईआर हो चुका है।

**कूट :**

(1) (क), (ख) एवं (ग) सही हैं।

(2) केवल (क) एवं (ख) सही हैं।

(3) केवल (ख) एवं (ग) सही हैं।

(4) केवल (क) एवं (ग) सही हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) (क), (ख) एवं (ग) सही हैं।**

---

**प्रश्न 73**

**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :**

**सूची-I (वाद)**

(क) आर.सी. कूपर बनाम भारत संघ

(ख) एस.पी. गुप्ता बनाम भारत का राष्ट्रपति

(ग) एल.के. पांडे बनाम भारत संघ

(घ) विनीत नारायण बनाम भारत संघ

**सूची-II (मुद्दा)**

(i) अंतर-देशीय दत्तक-ग्रहण

(ii) सी.वी.सी. की सांविधिक प्रस्थिति

(iii) बैंक-राष्ट्रीयकरण की समाप्ति

(iv) लोक कर्तव्यों की निष्पत्ति का दृढ़ीकरण

**कूट :**

(1) (क)-(iv), (ख)-(i), (ग)-(iii), (घ)-(ii)

(2) (क)-(i), (ख)-(ii), (ग)-(iv), (घ)-(iii)

(3) (क)-(ii), (ख)-(iv), (ग)-(iii), (घ)-(i)

(4) (क)-(iii), (ख)-(iv), (ग)-(i), (घ)-(ii)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) (क)-(iii), (ख)-(iv), (ग)-(i), (घ)-(ii)**

---

**प्रश्न 74**

**निम्नलिखित में से कौन सी लेखा-परीक्षा भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक द्वारा नहीं की जाती है/हैं?**

(क) अनुपालन लेखा-परीक्षा

(ख) वित्तीय सत्यापन लेखा-परीक्षा

(ग) निष्पादन लेखा-परीक्षा

(घ) राजकोषीय लेखा-परीक्षा

**कूट :**

(1) केवल (ख) और (घ)

(2) केवल (क) और (ग)

(3) केवल (घ)

(4) केवल (ख)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) केवल (घ)**

---

**प्रश्न 75**

**निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

(1) बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम : 2009

(2) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम : 2013

(3) सूचना का अधिकार अधिनियम : 2005

(4) प्रतिस्पर्धा अधिनियम : 2008

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) प्रतिस्पर्धा अधिनियम : 2008** (नोट: यह 2002 का अधिनियम है।)

---

**प्रश्न 76**

**केन्द्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के समक्ष सीधी शिकायत दर्ज करने के नियम एवं आधार क्या हैं? नीचे दिये हुए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर इंगित कीजिए :**

(क) आरटीआई अधिनियम की धारा 18 के तहत सीधी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

(ख) एक आवेदक को आरटीआई अधिनियम के तहत माँगी गई सूचना देने से मना किया गया हो।

(ग) आरटीआई अधिनियम के अन्तर्गत एक विदेशी नागरिक सूचना चाहता हो।

(घ) एक आवेदक जो यह समझता/ती है कि उसके द्वारा चाही गई सूचना के लिए माँगी गई शुल्क राशि अनुचित है।

**कूट :**

(1) केवल (क) एवं (घ) सही हैं।

(2) केवल (क), (ख) एवं (घ) सही हैं।

(3) केवल (ख), (ग) एवं (घ) सही हैं।

(4) केवल (क), (ग) एवं (घ) सही हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) केवल (क), (ख) एवं (घ) सही हैं।**

---

**प्रश्न 77**

**व्यक्तियों के सही समूह को पहचानिए, जो अस्सी के दशक (1980 से 1989) के दौरान दो बार राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे :**

(1) शिवचरण माथुर एवं हरिदेव जोशी

(2) भैरोंसिंह शेखावत एवं हरिदेव जोशी

(3) भैरोंसिंह शेखावत एवं शिवचरण माथुर

(4) हरिदेव जोशी एवं हीरालाल देवपुरा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) शिवचरण माथुर एवं हरिदेव जोशी**

---

**प्रश्न 78**

**राजस्थान राज्य महिला आयोग अधिनियम, 1999 की धारा 12(3) के तहत राजस्थान राज्य महिला आयोग की सिफारिशों पर राज्य सरकार को कितने समय के भीतर निर्णय करना होता है?**

(1) 5 माह

(2) 6 माह

(3) 3 माह

(4) 4 माह

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) 6 माह**

---

**प्रश्न 79**

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के अनुसार आरोप पर प्रथम सुनवाई की तिथि से आरोपी के विरुद्ध कितने दिनों के भीतर आरोप तय करने होंगे?**

(1) 90 दिनों में

(2) 15 दिनों में

(3) 45 दिनों में

(4) 60 दिनों में

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) 60 दिनों में**

---

**प्रश्न 80**

**राजस्थान के उन एकमात्र राज्यपाल को पहचानिए, जिनकी पदावधि के दौरान अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति शासन उद्घोषित भी किया गया और वापस भी लिया गया :**

(1) रघुकुल तिलक

(2) एम. चेन्ना रेड्डी

(3) संपूर्णानंद

(4) वेदपाल त्यागी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) रघुकुल तिलक** (नोट: 1980 का राष्ट्रपति शासन इन्हीं के समय लगा और हटा था।)

---

**प्रश्न 81**

**राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार समिति में निम्नांकित में से कौन सदस्य नहीं होता है?**

(1) राज्य के उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति

(2) राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष

(3) राज्य का मुख्यमंत्री

(4) राज्य विधानसभा का स्पीकर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) राज्य के उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति**

---

**प्रश्न 82**

**राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (RSCRPC) के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?**

(क) यह एक सांविधिक निकाय है।

(ख) यह 'बाल मित्र राजस्थान' की परिकल्पना के क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है।

(ग) इसका प्रशासनिक विभाग महिला अधिकारिता विभाग है।

(घ) इसका गठन 23 फरवरी, 2010 को बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 की धारा 17 के अन्तर्गत किया गया।

**कूट :**

(1) केवल (क), (ख) एवं (घ) सही हैं।

(2) केवल (क), (ग) एवं (घ) सही हैं।

(3) केवल (क), (ख) एवं (ग) सही हैं।

(4) केवल (ख), (ग) एवं (घ) सही हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) केवल (क), (ख) एवं (घ) सही हैं।**

---

**प्रश्न 83**

**ग्लोबल कैपेबिलिटी सेन्टर नीति-2025 में राजस्थान में किन शहरों को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेन्टर हब के रूप में विकसित किया जायेगा?**

(1) जयपुर, जोधपुर और अलवर

(2) जयपुर, उदयपुर, अलवर और भीलवाड़ा

(3) जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा और अजमेर

(4) जयपुर, जोधपुर, भीलवाड़ा और कोटा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा और अजमेर**

---

**प्रश्न 84**

**राष्ट्रीय आय की गणना करने में 'बाज़ार कीमत' से 'साधन लागत' पर जाने के लिये, हमें करना चाहिये :**

(1) अप्रत्यक्ष करों को घटाना और अनुदानों को जोड़ना।

(2) अप्रत्यक्ष करों को जोड़ना और अनुदानों को घटाना।

(3) अप्रत्यक्ष करों को जोड़ना।

(4) पूँजी ह्रास को जोड़ना।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) अप्रत्यक्ष करों को घटाना और अनुदानों को जोड़ना।**

---

**प्रश्न 85**

**अभिकथन (A) : विस्तारक मौद्रिक नीति अर्थव्यवस्था के उत्पादन में वृद्धि करती है।**

**कारण (R) : मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि से ब्याज की दर में कमी, विनियोग व्यय और समग्र माँग में वृद्धि और तदुपरांत साम्य उत्पादन में वृद्धि होती है।**

(1) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

(2) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

(3) (A) और (R) दोनों अलग-अलग सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(4) (A) और (R) दोनों अलग-अलग सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) (A) और (R) दोनों अलग-अलग सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।**

---

**प्रश्न 86**

**भारत के स्टॉक एक्सचेंजों के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर ध्यान दीजिये :**

(a) भारत का राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज 1991 में फेरवानी समिति की सिफारिशों के आधार पर स्थापित किया गया था।

(b) बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज भारत का पहला एक्सचेंज था जिसने इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग सुविधा को शुरू किया।

(c) बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज एशिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है और विश्व का दसवाँ सबसे पुराना एक्सचेंज भी है।

**उपरोक्त में से कौन से सही हैं?**

(1) (a) और (c) सही हैं।

(2) (a), (b) और (c) सही हैं।

(3) (a) और (b) सही हैं।

(4) (b) और (c) सही हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) (a) और (c) सही हैं।** (नोट: इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग सबसे पहले NSE ने शुरू की थी।)

---

**प्रश्न 87**

**सूची-I और सूची-II का सुमेल करें और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन करें :**

**सूची-I**

(A) खुली मुद्रास्फीति

(B) माँग जन्य मुद्रास्फीति

(C) रैचेत मुद्रास्फीति

(D) दमित मुद्रास्फीति

**सूची-II**

(i) जब सरकार द्वारा कीमत पर प्रभावी नियंत्रण होता है।

(ii) जब कीमत वृद्धि में कोई बाधा नहीं होती।

(iii) जब समग्र माँग समग्र पूर्ति से पूर्ण रोज़गार स्तर पर अधिक होती है।

(iv) यद्यपि समग्र माँग अधिक नहीं होती, किन्तु अर्थव्यवस्था में इस तरह वितरित होती है कि कुछ क्षेत्रों में माँग का आधिक्य होता है।

**कूट :**

(1) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iii), (D)-(iv)

(2) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)

(3) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)

(4) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)**

---

**प्रश्न 88**

**शून्य प्राथमिक घाटा दर्शाता है**

(A) सरकार के वर्तमान राजस्व उसके ब्याज और गैर-ब्याज व्यय को पूरा करने के लिए पर्याप्त हैं।

(B) उधारी केवल पूर्ववर्ती ऋण के ब्याज भुगतान हेतु की जाती है।

**सही विकल्प चुनें :**

(1) (A) और (B) दोनों सही हैं।

(2) (A) और (B) दोनों गलत हैं।

(3) केवल (A) सही है।

(4) केवल (B) सही है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) केवल (B) सही है।** (नोट: शून्य प्राथमिक घाटा होने का अर्थ है कि राजकोषीय घाटा केवल पिछले ऋणों के ब्याज भुगतान के बराबर है।)

---

**प्रश्न 89**

**कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत के विदेशी व्यापार के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर ध्यान दीजिये :**

(a) विश्व के वस्तु निर्यातों और आयातों में 2024 में भारत का हिस्सा क्रमशः 1.8 प्रतिशत और 2.8 प्रतिशत था।

(b) 2024 में भारत ने विश्व के निर्यात मोर्चे पर 18वाँ स्थान तथा आयात मोर्चे पर 9वाँ स्थान प्राप्त किया था।

**उपरोक्त में से कौन सा/से सत्य है/हैं ?**

(1) (a) और (b) दोनों सत्य हैं।

(2) न तो (a) और न ही (b) सत्य है।

(3) केवल (a) सत्य है।

(4) केवल (b) सत्य है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) (a) और (b) दोनों सत्य हैं।**

---

**प्रश्न 90**

**भारत में निम्न में से कौन सी योजना में वास्तविक वृद्धि की दर सबसे कम अंकित की गयी ?**

(1) तृतीय पंचवर्षीय योजना

(2) चतुर्थ पंचवर्षीय योजना

(3) प्रथम पंचवर्षीय योजना

(4) द्वितीय पंचवर्षीय योजना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) तृतीय पंचवर्षीय योजना** (नोट: युद्ध और अकाल के कारण इसकी वृद्धि दर सबसे कम रही थी।)

---

**प्रश्न 91**

**आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के संबंध में निम्न कथनों पर विचार करें :**

(A) प्रत्येक लाभार्थी को ₹ 15,000 की अतिरिक्त राशि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण हेतु प्रदान की जाती है।

(B) लाभार्थियों को एमजीएनआरईजीएस के माध्यम से 90 दिवस तक की दैनिक मज़दूरी भी प्रदान की जाती है।

**सही विकल्प चुनें :**

(1) (A) और (B) दोनों सही हैं।

(2) (A) और (B) दोनों गलत हैं।

(3) केवल (A) सही है।

(4) केवल (B) सही है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) (A) और (B) दोनों सही हैं।** (नोट: वर्तमान आर्थिक आंकड़ों के अनुसार लाभार्थी को शौचालय के लिए ₹ 12,000 से ₹ 15,000 और नरेगा के तहत 90-95 दिन की मजदूरी का प्रावधान है।)

---

**प्रश्न 92**

**राजस्थान चक्रीय अर्थव्यवस्था प्रोत्साहन योजना 2025 का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?**

(1) ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देना।

(2) शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना।

(3) सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाना।

(4) अपशिष्ट कम करने, पुनर्चक्रण और सतत् संसाधन प्रबन्धन को बढ़ावा देना।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) अपशिष्ट कम करने, पुनर्चक्रण और सतत् संसाधन प्रबन्धन को बढ़ावा देना।**

---

**प्रश्न 93**

**2023-24 में राजस्थान में निम्नलिखित में से कौन से उत्पाद का निर्यात सबसे अधिक था ?**

(1) कपड़ा

(2) ऊन और ऊनी वस्त्र

(3) इंजीनियरिंग वस्तुएँ

(4) रत्न और आभूषण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) इंजीनियरिंग वस्तुएँ**

---

**प्रश्न 94**

**निम्न कथनों में से कौन सा/से सत्य है/हैं ?**

(a) ई-श्रम पोर्टल नौकरी चाहने वालों, नियोक्ताओं, प्रशिक्षण प्रदाताओं और कैरियर मार्गदर्शन एवं परामर्श एजेन्सियों को जोड़ने वाला एक ही स्थान पर सभी सुविधाएँ प्रदान करने वाला एक मंच है।

(b) राष्ट्रीय कैरियर सेवा पोर्टल अनौपचारिक और औपचारिक रोज़गार के बीच की खाई को निरन्तर पाट रहा है और असंगठित कामगारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिये एक प्रमुख संस्थागत तंत्र के रूप में कार्य कर रहा है।

**कूट :**

(1) (a) और (b) दोनों सत्य हैं।

(2) न तो (a) और न ही (b) सत्य है।

(3) केवल (a) सत्य है।

(4) केवल (b) सत्य है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) न तो (a) और न ही (b) सत्य है।** (नोट: इमेज में दोनों कथनों का विवरण एक-दूसरे से बदल दिया गया है; ई-श्रम असंगठित क्षेत्र के लिए है और NCS नौकरी चाहने वालों के लिए।)

---

**प्रश्न 95**

**सूची-1 को सूची-2 के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये :**

**सूची-1 (राजस्थान के राज्य वित्त आयोग)**

(a) प्रथम

(b) द्वितीय

(c) तृतीय

(d) चतुर्थ

**सूची-2 (अध्यक्ष)**

(i) श्री हीरालाल देवपुरा

(ii) श्री मानिकचन्द सुराना

(iii) डॉ. बी.डी. कल्ला

(iv) श्री के.के. गोयल

**कूट :**

(1) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)

(2) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)

(3) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)

(4) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)**

---

**प्रश्न 96**

**राजस्थान ए.आई./एम.एल. नीति 2026 निम्नलिखित में से किस ए.आई. दृष्टिकोण पर ज़ोर देती है ?**

(1) ए.आई. केन्द्रित औद्योगिक विनिर्माण

(2) नैतिक, पारदर्शी और सुरक्षित ए.आई. सिस्टम

(3) पूरी तरह से स्वचालित, मानवरहित निर्णय लेना

(4) अनियमित और ओपन सोर्स ए.आई. तैनाती

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) नैतिक, पारदर्शी और सुरक्षित ए.आई. सिस्टम**

**प्रश्न 97**

**राजस्थान के निम्न जिलों को वर्ष 2023-24 के लिये चालू कीमतों पर उनकी प्रति व्यक्ति आय के आधार पर अवरोही क्रम में श्रेणीबद्ध कीजिये :**

(i) जयपुर

(ii) अजमेर

(iii) अलवर

(iv) भीलवाड़ा

(v) जैसलमेर

**कूट :**

(1) (iii), (i), (iv), (ii), (v)

(2) (iii), (iv), (i), (ii), (v)

(3) (i), (ii), (iii), (iv), (v)

(4) (i), (iii), (iv), (ii), (v)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) (iii), (i), (iv), (ii), (v)** (नोट: नवीनतम आंकड़ों के अनुसार अलवर प्रति व्यक्ति आय में अग्रणी जिलों में है।)

---

**प्रश्न 98**

**एक ज्ञात आवृत्ति की ध्वनि तरंग या विद्युतचुंबकीय तरंग को एक गतिशील वस्तु की ओर भेजा जाता है। तरंग का कुछ भाग उस वस्तु से परावर्तित होकर वापस आता है और मॉनिटरिंग केंद्र पर संकेत की आवृत्ति में परिवर्तन पाया जाता है। इसे कहा जाता है :**

(1) लैम्ब विस्थापन

(2) रमन विस्थापन

(3) डॉप्लर विस्थापन

(4) कॉम्पटन विस्थापन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) डॉप्लर विस्थापन**

---

**प्रश्न 99**

**टिबिया और फिबुला अस्थियाँ मानव शरीर के किस भाग/क्षेत्र में अवस्थित होती हैं ?**

(1) श्रोणि क्षेत्र

(2) वक्षीय क्षेत्र

(3) अग्र पाद

(4) पश्च पाद

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) पश्च पाद** (नोट: ये पैर की हड्डियाँ हैं।)

**प्रश्न 100**

**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प चुनिए :**

**कथन I : कुकी एक टेक्स्ट फ़ाइल होती है जिसे वेबसाइट ब्राउज़ करने पर वेबसाइट द्वारा ब्राउज़र को भेजा जाता है।**

**कथन II : कुकीज़ ब्राउज़र की कार्यक्षमता को बढ़ाने और संशोधित करने में सहायक होती हैं।**

(1) कथन I और II दोनों सही हैं।

(2) न तो कथन I और न ही कथन II सही है।

(3) केवल कथन I सही है।

(4) केवल कथन II सही है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) कथन I और II दोनों सही हैं।**